पंचायत बैठक

ग्राम	चर्चा	निर्णय
खडसी	• आगनवाडी केन्द्र का बंद पाया जाना। • कार्यकर्ता द्वारा नियमित केन्द्र पर न आना। • कार्यकर्ता द्वारा गृहभेंट न करना। • सरपंच सचिव के द्वारा चर्चा एवं केन्द्र की समीक्षा करने के लिये सुझाव।	• सरपंच सचिव के द्वारा खंडसी के आलावा पाठादेवरी पंचायत के अन्य केन्द्रो की समीक्षा एवं कुपोषण के स्तर की जानकारी लेने की बात कही गई। • सभी केन्द्रों पर सरपंच/सचिव के न पहुच पाने पर वार्ड पंचो के माध्यम से देखरेख एवं जानकारी लेने की बात कही गई। • वार्ड पंचो द्वारा एकमत से सहमति एवं खडसी केन्द्र के देखरेख की बात कही गई।
भंडारदेव	• अनौपचारिक शिक्षा के बच्चो की कम उपस्थिति। • कार्यकर्ता के द्वारा गृहभेंट न करना। • मातृ सहयोगिनी समिति की आगनवाडी मे भागीदारी पर चर्चा • पंचायत प्रतिनिधियो को पोषण एवं स्वास्थ्य विषय कि जानकारी दी गई। • ग्राम स्तर पर संयुक्त भ्रमण को बढावा देने पर समझ बनाई गई	• व्यवहार परिवर्तन करने के लिये पंचायत प्रतिनिधी, मातृ सहयोगिनी समिति, आशा कार्यकर्ता मिलकर संयुक्त भ्रमण करने का निर्णय लिया गया। • मंगल दिवस के दौरान सभी की उपस्थिति बढाने के लिये आगामी माह से पंचायतों के द्वारा प्रयास किया जायेगा। • केन्द्र पर बच्चों की उपस्थिति बढाने में सहयोग, पोषण आहार की निगरानी • बच्चों में स्वच्छता बढाने के लिये पालको को समझाईश देना तय हुआ

ग्राम सभा

ग्राम	चर्चा	निर्णय
निधानी	• मंगल दिवस और बच्चों की उपस्थिति पर चर्चा • कुपोषण पर वृध्दि चार्ट कलेंडर से चर्चा • पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस पर पंचायत कि उपस्थिति पर चर्चा • सुरक्षित प्रसव एव संस्थगत प्रसव पर चर्चा। • आगनवाडी केंद्र पर वजन मशीन साल्टर पर चर्चा	• पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रतिमंगल दिवस एव पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस के दौरान रहेगी। • बच्चों में पोषण स्तर को सुधारने के लिये मात्रा गुणवत्ता एवं बारंबारता के संबंध मे ग्राम सभा कि बैठक मे चर्चा कि जायेगी • संस्थगत प्रसव करवाने में पंचायत का पूर्ण रूप से सहयोग रहेंगा। • साल्टर वजन मशीन की व्यवस्था जल्द से जल्द किया जायेगा।

जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

चर्चा	निर्णय
• क्षमता विकास एच.आई वी./एडस पर पापुलेशन फाउंडेशन के द्वारा। • स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा। (जननी सेवा,जनन एक्सप्रेस, दीनदयाल, एन.आर.एच.एम.) • लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा • एन.एच.डी. अवलोकन के बिंदुओं का केयर द्वारा प्रस्तुतिकरण। • बी.एम.ओ. घंसौर के द्वारा एन.एच.डी. भ्रमण के अनुभव रखे गये। • जिला स्तरीय स्वास्थ्य मेले के आयोजन की कर्ययोजना पर चर्चा। • महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों के द्वारा किये गये भ्रमण पर की गई कार्यवाही की समीक्षा। • आगामी माह से महिला बाल विकास विभाग के द्वारा किये गये भ्रमण का बिंदुवार प्रस्तुतिकरण पर चर्चा	• एच.आई.वी. के प्रति जागरूकता लाने के लिये कार्ययोजना तैयार की गई। • मार्चमाह के अंत तक विभिन्न योजनाओं मे प्रगति लाये विशेषतः घंसौर ब्लाक। • टीकाकरण दिवस के दिन ए.एन.एम. का केन्द्र पर प्रर्याप्त समय सुनिश्चित करवाया जाये। • टीकाकरण दिवस के दिन सभी टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। • जननी एक्सप्रेस का लाभ न लेने वाले हितग्राही के प्रेरक के मानदेय मे से जननी एक्सप्रेस की राशि कम करके दी जाये। • 29 एवं 30 मार्च को सभी विभाग के लाने मे सहयोग करेंगे। • स्वास्थ्य विभाग प्रचार प्रसार की व्यवस्था करेगा। • परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षकों से भ्रमण अवलोकन लेकर 15 फॉलोअप भ्रमण कर भ्रमण में पाई गई भिन्नता को प्रस्तुत करेगें साथ ही पर्यवेक्षकों एव परियोजना अधिकारी के भ्रमण का एकजाई अवलोकन एवं कार्यवाही से अवगत करायेंगे। 1.कितने दिन भ्रमण किया गया। 2.कितने केन्द्रो का निरिक्षण किया गया। 3.कितने प्रतिशत उपस्थिति पाई गई। 4.क्या परियोजना अधिकारी द्वारा 15 दिन का भ्रमण किया गया है। 5. सी.डी. पी.ओ. ने पर्यवेक्षक से क्या भिन्न देखा। 6.पर्यवेक्षक द्वारा कार्यकर्ता पर क्या कार्यवाही की गई है आपने क्या कार्यवाही की है। 7.प्रत्येक माह कार्यवाही की नोटशीट पर जानकारी आना चाहिये।

अन्य प्रयास

- जिला स्तरीय लोक कल्याण शिविर में भागीदारी।
- मुस्कान शिविर के दौरान परामर्श स्टाल के माध्यम से गंभीर कुपोषित बच्चों को व्यक्तिगत परामर्श।
- अन्य ब्लाक फेज आउट 2007 मे परियोजना समन्वयक के द्वारा सेक्टर बैठक एवं खंड स्तरिय समन्वय समिति की बैठक मे उपस्थिति एवं सुझाव।
- आहार प्रदर्शन किये गये केन्द्रों की परिवर्तन स्थिति आंकलन
- मिशन संस्था के सम्मेलन में पोषण एवं स्वास्थ्य पर प्रश्नोत्तरी।
- अंर्तराष्टीय महिला दिवस में जिला स्तर एवं ब्लाक छपारा में भागीदारी एवं नवजात शिशु की देखभाल पर प्रश्नोत्तरी।

चुनौतियॉ

- सेक्टर स्तरीय बैठकों की तिथि में प्रत्येक माह परिवर्तन होना।
- पंचायत सचिव बैठक में तिथि परिवर्तन के कारण ब्लाक समन्वयक की निरंतर उपस्थिति न रह पाना।
- पंचायतीराज व्यवस्थाओं में स्थायी और दृश्यमान परिवर्तन हेतु लंबे और अधिक सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है जिसके अवसर परियोजना में काफी कम हैं। एक या दो हस्तक्षेपों से अधिक परिणामों की अपेक्षा नहीं की जा सकती।
- पूर्व में कार्यरत ब्लाक समन्वयक का फरवरी माह के बाद कार्य छोडना जिसके लिये अन्य ब्लाक समन्वयक की भर्ती किया जाना।
- संस्थागत स्तर पर यह अलग चुनौती है जिसमें परियोजना समाप्ति के चरण में स्टॉफ को सतत बनाये रखना या नये स्टॉफ को नियुक्त करना और परियोजना पर उनकी समझ बनाना आदि।

प्रयास

एकीकृत पोषण और स्वास्थ्य परियोजना के कियांवयन के दौरान समुदाय, विभाग और केंद्र स्तर पर निरंतर हस्तक्षेपों से कई ऐसे अवसर, घटनाएं घटित होती हैं जो प्रेरणा का कार्य करती हैं और सभी को और अधिक प्रभावी रूप से कार्य संपादित करने का बल प्राप्त होता है। संस्था के कार्यकर्त्ताओं ने इस तरह के कुछ प्रयासों, सफलताओं और परिवर्तनों को लिखने का प्रयास किया है जिसे इस प्रतिवेदन में प्रयास के नाम से संकलित किया गया है। अलग अलग स्तरों पर दिखायी देने वाले इन परिवर्तनो में कहीं समुदाय की सार्थक पहल दृष्टिगोचर होती है तो कहीं ग्रामसभा के सामूहिक हस्तक्षेप और कहीं शासकीय विभागों की जवाबदेही जो निश्चित रूप से स्वास्थ्य और पोषण स्तर में आने वाले परिवर्तनों की झलक पेश करते हैं।

परियोजना स्टॉफ ने सीमित अवसरों और संसाधनों के बावजूद समुदाय कुछ ऐसी प्रकियाओं को प्रारंभ किया है जो लोगों को उनके अधिकारों की मांग के लिए रौशनी का कार्य करती हैं जैसे पोस्टकार्ड भेजकर अपनी चिंताओं को जाहिर करना और सेवाओं की मांग करना। जरूरत है इन छोटे छोटे प्रयासों को बल मिले साथ ही प्रयासों को अधिक से अधिक लोगों के बीच बांटा जावे तभी इस तरह के दस्तावेज लाभदायी हो सकते हैं अन्यथा प्रतिवेदनों में सिमट कर ये भी पहले और आखिरी प्रयास साबित होंगे।

प्रसव पूर्व स्वास्थ जॉच सुनिश्चित करवाने का प्रयास

लखनादौन विकास खंड के लखनादौन सेक्टर में ब्लाक समन्वयक के द्वारा भ्रमण के दौरान देख गया कि बुंडवानी ,भिलमा रैयत,सागई, भैरोथान, सारसडोल प्रथम, द्वितीय मडदेवरी में प्रसव पूर्व जॉच एवं ब्लड प्रेशर की जॉच नहीं हो रही थी । इस परिस्थिती को देखकर कु. निशा अवधिया ब्लाक समन्वक के द्वारा समुदाय को इस मूददे से अवगत कराया गया । तत्पश्चात उन्होने बी एम ओ महोदय को पोस्ट कार्ड के माध्यम से सूचित किया । जनवरी माह की खंड स्तरीय बैठक मुददा रखा गया जिसमे निर्णय लिया गया कि फरवरी माह में लखनादौन स्वास्थ पर्यावेक्षक के द्वारा उक्त केंन्द्रो पर पूर्ण जॉच करवा दी जायेगी। उक्त केंन्द्रो पर ए एन एम की नियुक्ति जल्द से जल्द करवा दिया जायेगा

टीकाकरण सत्र की निरंतरता

लखनादौन विकास खंड के नागनदेवरी सेक्टर में ब्लाक समन्वयक के द्वारा सनाईकछार केंन्द्र नवंबर माह में भ्रमण किया गया इस गाव में आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते है। भ्रमण के दौरान देखा गया की दस केंन्द्र पर प्रति माह टीकाकरण नही हो रहा था । बच्चों में संपूर्ण टीकाकरण की स्थिति भी अत्यंत कम थी जिससे टीकाकरण के हितग्राही वंचित रह जाते थे । बाल संजीवनी अभियान के दौरान भी ए एन एम के द्वारा न टीकाकरण किया गया और न ही विटामिन ए पिलाया गया। उक्त परिस्थिति को देखकर स्थिति से समुदाय को अवगत कराया गया जिस पर प्रतिकिया स्वरूप बी एम ओ को पोस्ट कार्ड के माध्यम से सूचित किया गया। परिणाम स्वरूप वर्तमान में उक्त केंन्द्र पर विगत दो माह से टीकाकरण नियमित हो रहा है। इस तरह पंचायत एवं समुदाय के सहयोग से टीकाकरण सत्र का आयोजन सफल हो सका।

समुदाय एवं पंचायत के सहयोग से 5 माह में टीकाकरण हुआ

लखनादौन विकास खंड के सिहोरा सेक्टर में खमरिया गोसाइ सेक्सन में अभी तक कोई भी एम पी डब्ल्यु या ए एन एम पदस्थ नहीं है । इस कारण से उपरोक्त क्षेत्र में टीकाकरण नियमित नही है। कभी कभी स्वास्थ विभाग की टीम जाकर टीकाकरण करती है। इसके साथ ही सारसडोल प्रथम, द्वितीय, बगलई, मरहेटी, जामुनपानी, आमई, बटका, हर्रई, खुर्सीपार, मुंडापार आदि में एम पी डब्ल्यु होने की दशा में प्रसव पूर्व जॉच नहीं हो पा रही है। उक्त समस्या से बी एम ओ को अवगत कराया गया। हॉलाकि विभाग उक्त समस्या से अनभिज्ञ नहीं था परंतु कुछ करणवश उपरोक्त समस्या पर ध्यान नही दिया जा रहा था लाइजनिंग के दौरान बी एम ओ ने खमरिया गोसाइ मे एक ए एन एम को पदस्थ करने का निर्णय लिया। साथ ही जिन 10 केंन्द्रो पर प्रसव पूर्व जॉच नहीं हो पा रही है,इसके लिये एक एल एच वी को टीकाकरण के दिन एम पी डब्ल्यु के साथ भेजकर प्रसव पूर्व जॉच करने में सहयोग देने की बात कही गई।उक्त निर्णय फरवरी माह में टीकाकरण सत्र के दौरान लागू किया जायेगा।

खंड स्तरीय समन्वय बैठक मे टीकाकरण समस्या का निराकरण

लखनादौन विकास खंड के सनाईडोंगरी सेक्टर के पाठादेवरी सेक्सन में लिंगपानी प्रथम, द्वितीय का भ्रमण सितंबर 2007 में किया गया था भ्रमण के दौरान पता लगा कि उक्त सेक्सन में पिछले 6 माह से टीकाकरण नही हुआ है। और न ही स्वास्थ विभाग से कोई कार्यकर्ता पँहुचा है, टीकाकरण के साथ साथ गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ जॉच भी नहीं हो पा रही है। छूटे हुए हितग्राहियों के तरफ किसी का ध्यान नही जा रहा था यह एक ज्वलंत समस्या दिखाई रही थी । तदोउपरांत उक्त समस्या को दिनांक 6.10.2007 को खंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में बी . एम. ओ. एवं परियोजना अधिकारी म.बा.वि. वि. के समक्ष उक्त मुददे को रखाकर अति शीघ्र ध्यान देने की बात कही गई। इस समस्या पर बी.एम. ओ. के द्वारा तुरंत निर्णय लेने की बात हुई। पाठादेवरी सेक्सन में ए.एन.एम. मालती दीक्षित को भेजकर एक सिरे से खत्म करने कहॉ गया। अभी की स्थिति में पाठादेवरी सेक्सन मे नियमित टीकाकरण, स्वास्थ जॉच, दवाईयॉ प्रर्याप्त मात्रा में मिल रही है, और स्वास्थ कार्यकर्ता अपने सेक्सन में रहकर पूर्ण ईमानदारी से कार्य कर रहें है।

ग्राम सभा से आया केंन्द्र मे परिवर्तन

दिनांक 26.12.2008 को ग्राम भेडकी सेक्टर गोरखपुर जो की ब्लाक से काफी अंदर का गॉव था का भ्रमण ब्लाक समन्वयक के द्वारा किया गया तथा उक्त दिनांक पर भेडकी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन पोषण एवं स्वास्थ्य के मुददे पर किया गया था। ग्राम सभा के पूर्व केंन्द्र भ्रमण किया गया जिसमें केंन्द्र में 4 बच्चे उपस्थित थे एवं केन्द्र एक छोटे से कमरे मे लग रहा था तथा केंन्द्र मे किसी भी तरह के चार्ट पोस्टर का उपयोग नहीं हो रहा था एवं मंगल दिवस का गुणवत्तापूर्ण नियमित आयोजन नहीं हो रहा था, और न ही पोषण एवं स्वास्थ्य व्यवहारो का पालन हो रहा था। तत्पश्चात ग्राम सभा का आयोजन किया गया तथा एवं सभी मुददे ग्राम सभा में रखे गये तत्पश्चात सचिव श्री झारिया जी एवं पंच महोदय के द्वारा बताया गया कि ऑगनवाडी भवन निर्माण हो चुका है,सांकल न लगने से केंन्द्र नही लग पा रहा है एवं सचिव के द्वारा एक सप्ताह के अंदर भवन देने की बात कही गई एवं ऑगनवाडी कार्यकर्ता को कार्य में सुधार हेतु कहॉ गया। दिनांक 8.02.2008 को ग्राम भेडकी का फालोअप भ्रमण किया गया जिसमें देखा गया कि केंन्द्र पक्के भवन में लगा हुआ था 20 बच्चे साफ सुथरे बैठे हुए थे तथा आई.ई.सी. सामाग्री का उपयोग हो रहा था तथा पोषण आहार निर्धारित दिवस के आधार पर बन रहा था। इस तरह पंचायत एवं समुदाय के सहयोग से आंगनवाडी कार्यकर्ता के कार्य मे सुधार आया तथा भवन मे केंन्द्र स्थापित हुआ एवं सभी बच्चों को महिला बाल विकास की सेवाएँ मिलने लगी।

प्रयास से मिला अंजली को मिला लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ

ग्राम बक्सी जो की सेक्टर देवरीकला के अंर्तगत आता है जो की छपारा ब्लाक का दूरस्थ एवं आदिवासी ग्राम है। दिनांक 21.01.08 को ब्लाक समन्वयक सी.डी.सी. का भ्रमण हुआ,केन्द्र भ्रमण के पश्चात गृहभेट के दौरान पता चला कि कु. अंजली जिसका जन्म 27.11.2006 हुआ एवं उसकी मॉ का आपरेशन दिसंबर 2006 को हो गया है,एवं पहले का एक लडका है, उस लडकी को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ नही मिल पा रहा था इसका कारण यहॉ था कि उसके नसबंदी प्रमाण पत्र व अन्य जगह पैसा मॉगा जा रहा था तथा वह गरीब होने के कारण उक्त खर्चा वह वहन नहीं कर पा रही है, एवं ऑगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमति द्रोपती झारिया द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहॉ था। जनवरी 2008 को यहॉ मुददा लाईजनिंग के दौरान महिला बाल विकास के समक्ष रखा गया तथा स्थिति से अवगत कराया गया । माह फरवरी मे पता चला कि अंजली मॉ तुलसिया पिता शिवकुमार का लाडली लक्ष्मी योजना का फार्म पूर्ण कर लिया गया है एवं 22.02.2008 को महिला बाल विकास छपारा को उक्त प्रकरण पंजीयन कर कार्यवाही हेतु जिला भेज दिया गया है। इस तरह अंजली लाडली लक्ष्मी योजना लाभांवित हो सकी।

टीकाकरण पूर्ण करवाने के लिये अतिरिक्त प्रभार

लखनादौन ब्लाक के सिहोरा सेक्टर के खमरिया गोसाई सेक्सन के 10 केन्द्रो में पिछले छः माह से न होना जनवरी माह के भ्रमण से ज्ञात हुआ था तत्पश्चात खंड चिकित्सा अधिकारी से महोदय से चर्चा की गई एवं उक्त सेक्सन मे एक ए.एन.एम. पदस्थ करने की बात कहीं गई थी चूँकि फरवरी माह में भी टीकाकरण न होना एवं ए.एन.एम. पदस्थ न होने के बाद बी.एम.ओ. से बात की गई जिसकी जानकारी बी.एम.ओ. के द्वारा दी गई कि उक्त सेक्सन में ए.एन.एम. को पदस्थ तो नहीं किया गया परंतु टीकाकरण हेतु 2 ए.एन.एम. एवं 1 एम.पी.डब्ल्यु को निम्नानुसार जिम्मेदारी सौप दी गई है। जब तक वहॉ स्थाई तौर पर किसी को पदस्थ नहीं किया जाता तब तक निम्न स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा टीकाकरण किया जायेगा।

क.	ग्राम	ए.एन.एम./एम.पी.डब्ल्यु.	टीकाकरण दिवस
1	खमरिया गोसाई प्रथम,द्वितिय,तृतीय	श्रीमति.एस.डहरिया	प्रथम गुरूवार
2	गंधीला,पहाडगंज	श्री संजू श्रीवास्तव	प्रथम/द्वितिय गुरूवार
3	गोरखपूर,भजिया	श्रीमति. एस.डहेरिया	प्रथम/द्वितिय बुधवार
4	हारगोंदी,बरपानी	श्रीमति.आर.डेहरिया	प्रथम/द्वितिय बुधवार

विगत छः माह से टीकाकरण न होने की दशा मे बी.एम.ओ. महोदय द्वारा लिया गया उपरोक्त निर्णय सहयोगी एवं सराहनीय है।

ए.एन.एम. ने संयुक्त भ्रमण के लिये अलग से दिन निर्धरित किया

शिकारा केन्द्र की ए.एन.एम. ने संयुक्त गृहभेंट हेतु माह का प्रथम शुक्रवार निश्चित कर आंगनवाडी कार्यकर्ता के साथ संयुक्त भ्रमण की शुरूआत की, विगत माह की सेक्टर बैठक में सुनिश्चित किया गया था कि हम गृहभेंट हेतु अलग से समय निकाला करेंगे क्योंकि टीकाकरण के दिन पूर्ण रूप से गृहभेंट नहीं हो पाती । उपरोक्त निर्णय ए.एन.एम. के द्वारा लेकर संयुक्त गृहभेंट शुरू की गई। टीकाकरण दिवस के अलावा अलग से दिन तय कर ए.एन.एम. के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। ए.एन.एम. की गृहभेंट से पोषण एवं स्वास्थ्य व्यवहारों में सुधार आना शुरू हुआ है। हितग्राहियों के द्वारा प्रसव किट बनाई जा रही है, नवजात शिशु की देखभाल के व्यवहारों में सुधार देखा जा रहा है इस तरह सभी व्यवहारों मे सुधार दिखने लगा है इस तरह के प्रयास अन्य स्थानों पर दोहराया जाये तो कुपोषण नियंत्रण के प्रयास में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की जा सकती है।

ऑगनवाडी कार्यकर्ता की समझाईश से तृतीय ग्रेड का बच्चा प्रथम ग्रेड में आया

ग्राम सनाईडोंगरी मे दिनांक 8.12.07 को जन्मा बच्चा तुलसीराम/पप्पु का जन्म के समय वजन 1.800 कि.ग्रा. था। जिसकी देखरेख केन्द्र कमांक दो कि कार्यकर्ता चंद्रवती यादव ने बार बार गृहभेंट किया, इलाज के लिये 5–6 बार लखनादौन लाया गया, निरंतर 1–2 दिन में गृहभेंट कर समझाईश दिया गया एवं निरंतर प्रतिमाह वजन लेकर निगरानी की गई जिसके अनुसार फरवरी माह में 3.500 कि.ग्रा. एवं मार्च माह में 4.200 कि.ग्रा. प्रथम ग्रेड में बच्चा आ गया था।

उक्त कार्य हेतु कार्यकर्ता द्वारा अलग से समय एवं पैसा खर्च कर यह कार्य किया गया जबकि उपरोक्त उसके अपने केन्द्र का नही है फिर भी पूरे सर्मपण के साथ देखभाल कर बच्चे के पोषण स्तर मे सुधार लाया जो एक सराहनीय कार्य है इससे अन्य कार्यकर्ताओं को सीख लेना चाहिये।

तृतीय ग्रेड से द्वितीय ग्रेड मे आई विमलेश्वरी

ग्राम साल्हेगढ सेक्टर चमारी के अंतर्गत 6.1.07 को विमलेश्वरी का जन्म हुआ जन्म के समय यहा बच्ची तृतीय ग्रेड मे कुपोषित थी। आगनवाडी कार्यकर्ता की समझाईश के आधार पर मॉ द्वारा लगातार स्तनपान कराया गया एवं 6 माह बाद विमलेश्वरी का आगनवाडी केन्द्र पर अन्नप्राशन किया गया तथा ऑगनवाडी केन्द्र के द्वारा पोषण आहार दिया जाने लगा साथ ही घर पर बना खाना भी दिया जाने लगा । वर्तमान में विमलेश्वरी द्वितीय ग्रेड में आ चुकी है इसके वजन में निरंतर सुधार आ रहा है मॉ के द्वारा एल.टी.टी. आपरेशन करवाया जा चुका है एवं विमलेश्वरी को वर्तमान में लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ विभाग की तरफ से दिया गया है।

गुंगी मॉ करवा रही है सिर्फ स्तनपान

विकास खंड छपारा के साल्हेगढ जो कि चमारी सेक्टर के अंर्तगत आता है कि एक महिला चमरी/इंदु गर्भवती हुई तो उसने गर्भावस्था के दौरान ब्लेड,धागा,अस्पताल कि पहचान,सूती कपडे तैयार रखे थे वह जन्म से ही गूंगी है अचानक प्रसव पीडा हुई और प्रसव घर पर ही हुआ चूँकि तैयारी पहले से थी इसलिये बच्चे को जन्म के बाद नहीं नहलाया गया, नाल साफ रखी गई, तुरंत स्तनपान बच्चे को कराया गया ।

ऑगनवाडी कार्यकर्ता अंजुम कुरैशी के द्वारा बताया गया कि महिला को जीवन की आशा भाग एक एव दो दिखा कर समझाया गया है 10.03.08 को भ्रमण के दौरान देखा गया कि चमरी बच्चे को सिर्फ स्तनपान करा रही है बच्चे का नाम रोहित रखा गया है। इस तरह कार्यकर्ता एवं समुदाय के प्रयास तथा जीवन की आशा सचित्र पुस्तिका से समझाईश के प्रभाव से गुंगी महिला को गर्भवस्था के दौरान देखभाल एवं नवजात शिशु की देखभाल के व्यवहारों के प्रति जागरूकता बढाने में सफलता प्राप्त की जा सकी।

ब्लाक स्तरीय संयुक्त बैठक मे आई निरंतरता

विकास खंड छपारा में अक्टूबर 2007 के पूर्व से ब्लाक स्तरीय संयुक्त बैठक निरंतर प्रयास करने के बाद भी नहीं हो पा रही थी जिसकी वजह से दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड रहा था पोषण एवं स्वास्थ्य के मुददों की समीक्षा न होने से ब्लाक की स्थिति में सुधार लाने में एवं समस्या को रखने में दोनों विभागों को दिक्कतों का सामना निरंतर करना पड रहा था।

उक्त स्थिति में सुधार लाने के लिये ब्लाक समन्वयक श्री प्रीतम रजक के द्वारा बी.एम.ओ.एवं सी.डी.पी.ओ. के समक्ष रखा गया इसके पश्चात भी निरंतरता का आभाव देखा गया इसमें निरंतरता बनाने के लिये इस मुददे को जिला

स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में कार्यक्रम अधिकारी केयर सुश्री मीनु भार्गव एवं पयिोजना समन्वयक सी.डी.सी. श्री शेख नासिर द्वारा रखा गया।

परिणाम स्वरूप नवंबर 2007 से संयुक्त बैठक मे निरंतरता आ चुकी है दोनों विभाग साथ मे बैठ कर पोषण एवं स्वास्थ्य विषयो की समिक्षा कर रहे है साथ ही संयुक्त बैठक का दिन चतुर्थ सोमवार निर्धारित हो चुका है बैठक की निरंतरता से विकास खंड मे सुधार दिख रहा है।

<u>आहार प्रदर्शन शिविर से पोषण स्तर मे आया सुधार</u>

दिसंबर 2007 से विकासखंड छपारा एवं लखनादौन विकास खंड मे सेक्टर स्तर पर कुपोषण के वर्ममान स्तर मे कमी लाने एवं सामुदायिक सहभागिता को जोडने के उददेश्य से मार्च 2008 तक दोनों विकासखंडो में कुल 9 आहार प्रदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान ग्राम स्तर पर उपस्थित समुदाय से प्रश्नोत्तरी कर पोषण एवं स्वास्थ्य व्यवहारों की जानकारी का स्तर जानने का प्रयास किया गया प्रश्नोत्तरी से उस ग्राम के लोगों की समझ के आधार पर पोषण एवं स्वास्थ्य व्यवहारों जैसे गर्भावस्था में देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल, एवं उपरी आहार की मात्रा, गुणवत्ता, बारंबारता के विषय पर प्रदर्शन के माध्यम से समझ बनाने का प्रयास किया गया।

ग्राम स्तर पर पंचायत प्रतिनिधि एवं मातृ सहयोगिनी समिति के सदस्यों के माध्यम से गोदभराई, अन्नप्राशन कार्यक्रम करवाकर इनका जुडाव करने का छोटा सा प्रयास संस्था कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया साथ ही आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित मंगल दिवस कार्यक्रम में गुणवत्ता लाने के लिये इनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई।

आहार प्रदर्शन शिविर किये गये केन्द्रों के पोषण स्तर में प्रदर्शन के समय एव वर्तमान स्थिति में आये अंतरो का आंकलन संस्था कार्यकर्ता द्वारा मार्च 2008 में छपारा ब्लाक की स्थिति को देखा गया पॉच केन्द्रों की स्थिति में लगभग सभी केन्द्रों पर सामान्य पोषण स्तर में सुधार देखा गया। जिसे निम्न आंकलन के आधार पर देखा जा सकता है।

आहार प्रदर्शन से केंन्द्रवार आये परिवर्तन

केन्द्र का नाम	अभियान के दौरान	वर्तमान की स्थिति	अंतर
बीजादेवरी	34%	47.54%	+13.54%
तिलीपानी	40%	42.10%	+2.10%
पौंडी	60%	73.01%	+13.01%
देवरीकला.1	25%	34.02%	+9.02%
देवरीकला.2	14%	43.63%	+29.63

महिला की जागरूता से गंभीर कुपोषित बच्चों में आया सुधार

विकास खंड छपारा के गोरखपुर सेक्टर के मंडवा पंचायत के ग्राम सालीवाडा में अमसलाल का परिवार जो गोंड जाति से है निवास करता है । परिवार की आय का स्रोत दैनिक मजदूरी और छोटी सी खेती है, इस परिवार में पहले दो बच्चियों का जन्म पूर्व में हो चुका था। इसके पश्चात इनकी पत्नी रामकुमारी पुनः गर्भवती हुई गर्भावस्था के दौरान ऑगनवाडी की सारी सेवाओं का लाभ लिया एवं स्वास्थ्य एवं पोषण के सारे व्यवहार जैसे 100 आयरन की गोली का सेवन, दो टी.टी. के टीके, पोषण आहार, आराम, आदि व्यवहारों का पालन किया। गर्भावस्था के समय प्रसव पूर्व जॉच से पता नहीं चला था कि जुडवा बच्चे गर्भ में पल रहे है। रामकुमारी ने 21.10.06 को दो जुडवा लडकियों को जन्म दिया इसका प्रसव घर पर ही हुआ जिसे सरोतो बाई प्रशिक्षित दाई के द्वारा कराया गया

जन्म के समय एक बच्ची भारती का वजन 1.800 कि.ग्रा. एव दूसरी सरस्वती का वजन 1.900 कि.ग्रा. था इन्हें जन्म के समय एक घंटे के अंदर स्तनपान कराया गया, 7 दिन तक नहलाया नही, नाल पर कुछ नहीं लगाया गया इस दौरान आंगनवाडी कार्यकर्त्ता के द्वारा प्रतिदिन गृहभेंट देकर समझाईश देते रहा गया कि बच्ची चूंकि तृतीय ग्रेड में कुपोषित पैदा हुई थी इसलिये जल्द से जल्द सुधार आना संभव नहीं था।

बच्ची के बडे होने के साथ साथ इनका टीकाकरण पूर्ण किया गया इसके बाद जब बच्ची छः माह की हो गई तो ऑगनवाडी केन्द्र पर अन्नप्राशन कर उपरी आहार की शुरूआत करने तथा भोजन में तेल का प्रयोग करने की सलाह दी गई, भोजन की मात्रा का विशेष ध्यान दिया गया । परियोजना अधिकारी श्री एल.के. डेहरिया के द्वारा इन बच्चियों का विशेष घ्यान देने के लिये कार्यकर्ता से कहा गया तथा श्रीमति ताराम पर्यवेक्षक के द्वारा इनको बाल शक्ति योजना से लाभांवित करवाने में सहयोग प्रदान किया गया

इन समस्त प्रयासों के फलस्वरूप सरस्वती एवं भारती के कुपोषण के स्तर में परिवर्तन आ चुका है आज दोनों बच्चियों में परिवारिक देखभाल से सामान्य ग्रेड में लाने कि दिशा में प्रयास किया जा रहा है। इस तरह के प्रयास अन्य बच्चों के लिया जाये तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

4 to 5 Months

ब्लाक	सिर्फ स्तनपान	उम्र के अनुसार टीकाकरण
घंसोर	65	78
सिवनी	78	90
केवलारी	92	81
कुरई	79	98
छपारा	73	98
ळखनादौन	65	81
धनौरा	46	90

6 To 8 Months

ब्लाक	ऊपरी आहार की शुरूआत	अन्न प्राशन मात्रा गुणवत्ता बारम्बारता		तेल का प्रयोग	आ.बा.का. गृहभेट	ए.एन.एम. गृहभेट
घंसोर	92	68	48	42	66	23
सिवनी	96	58	51	43	69	27
केवलारी	94	69	52	47	48	23
कुरई	93	57	47	43	57	20
छपारा	82	93	53	52	87	12
ळखनादौन	86	68	54	50	64	22
धनौरा	91	69	57	49	62	48

9 to 15 Months

ब्लाक	विधि प्रदर्शन	मात्रा गुणवत्ता बारम्बारता	तेल	खसरा	विटामिन 'ए'	मेवेन्डाझोल	छोटी आयरन	आ.बा.का. गृहभेट	ए.एन.एम. गृहभेट
घंसोर	27	45	50	96	88	52	50	71	47
सिवनी	90	57	66	92	84	75	75	49	15
केवलारी	35	65	56	100	100	66	72	44	22
कुरई	51	67	56	98	98	24	39	47	22
छपारा	71	84	46	85	85	35	35	87	6
ळखनादौन	39	54	67	79	80	60	56	63	45
धनौरा	66	60	57	77	77	91	96	64	48

ब्लाक	अस्पताल में प्रसव	तुरंत स्तनपान	नवजात को गरम रखना	साफ नाल	वजन	आ.बा.का. गृहभेट	ए.एन.एम. गृहभेट
घंसोर	45	88	88	71	59	59	
सिवनी	73	79	79	72	72	59	
केवलारी	77	84	74	78	68	51	24
कुरई	76	63	76	61	69	61	29
छपारा	84	72	74	53	84	91	21
ळखनादौन	79	80	89	63	84	73	
धनौरा	67	86	71	55	82	53	54

गर्भावस्था

ब्लाक	प्रसव योजना	गोद भराई	टी.टी.	टीकाकरण कार्ड	आयरन	आ.बा.का. गृहभेट	
घंसोर	**57**	**76**	**90**	**89**	**94**	**66**	**35**
सिवनी	**52**	**68**	**96**	**77**	**96**	**66**	**31**
केवलारी	**60**	**69**	**100**	**66**	**100**	**56**	**26**
कुरई	**48**	**73**	**93**	**92**	**62**	**58**	**26**
छपारा	**56**	**87**	**100**	**100**	**95**	**77**	**11**
ळखनादौन	**58**	**82**	**92**	**90**	**95**	**70**	**24**
धनौरा	41	54	69	77	64	43	30

NHD - OBSERVATION												
S.N.	NHD OBSERVATION	Phase out block 08							Phase out Block 07			
		Chhapara			Lakhanadoan				Othar			Total
		Jan	Feb	Mar	Jan	Feb	Mar	Total	Jan	Feb	Mar	
1	NO OF NHD OBSERVE	2	5	5	4	4	4	22			4	4
2	CONDUCT ON SCHDULE/	1	5	5	2	4	4	20			4	4
3	THR DITRIBUTION /Spot Feeding	2	4	3	3	4	3	17			3	3
4	present asha/other worker	1	3	4	4	4	3	18			3	3
5	PRI present on that time	1	0	2	1	4	2	9			0	0
6	CBO/comm-member present	2	1	4	4	4	4	17			1	1
7	AWW/ANM used list	2	2	5	3	1	3	14			2	2
8	USEof count foil	2	3	5	4	4	3	19			4	4
9	CARD issue for new benifises	2	5	3	2	4	3	17			2	2
10	Cheking record by anm	2	5	5	4	4	3	21			2	2
11	Avalibility of register	2	5	5	3	4	4	21			3	3
12	Avalibility of AD syring	2	5	5	4	4	4	22			4	4
	HEALTH SERVICES											
13	Health check up	1	4	5	3	4	4	20			3	3
14	BP	2	3	5	1	3	3	15			2	2
15	TT vaccine	2	5	5	4	4	4	22			4	4
16	IFA	2	5	5	4	4	4	22			2	2
17	ped IFA	1	3	4	1	3	2	13			1	1
18	Weighting	2	3	3	2	4	3	15			3	3
19	Vitamin A	1	0	2	3	3	3	11			2	2
20	COUNSLING/health sesson	2	1	4	2	4	2	13			1	1
21	BCG	2	5	5	0	4	2	16			4	4
22	DPT	2	5	5	4	4	3	21			4	4
23	OPV	2	5	5	4	4	2	20			4	4
24	MEASELS	2	5	5	3	4	3	20			4	4
25	Not avail of vaccine	0	0	0	3	2	2	7			0	0
26	Correct site immu	2	4	3	3	4	2	16			2	2
27	Leave beni-without receive service	0	1	0	0	0	2	3			0	0
28	NO. AWC Droup out Follow-up	2	5	5	2	2	2	16			3	3
	NHD not done on the day							3				3

घंसोर ब्लाक में व्यवहारों की स्थिति

गर्भावस्था

ब्लाक	प्रसव योजना	गोद भराई	टी.टी.	टीकाकरण कार्ड	आयरन	आ.बा. का. गृहभेट	ए.एन.एम. गृहभेट
घंसोर	57	76	90	89	94	66	35
सिवनी	52	68	96	77	96	66	31
केवलारी	60	69	100	66	100	56	26
कुरई	48	73	93	92	62	58	26
छपारा	56	87	100	100	95	77	11
ळखनादौन	58	82	92	90	95	70	24
धनौरा	41	54	69	77	64	43	30

ब्लाक	अस्पताल में प्रसव	तुरंत स्तनपान	नवजात को गरम रखना	साफ नाल	वजन	आ.बा. का. गृहभेट	ए.एन.एम. गृहभेट
घंसोर	45	88	88	71	59	59	21
सिवनी	73	79	79	72	72	59	37
केवलारी	77	84	74	78	68	51	24
कुरई	76	63	76	61	69	61	29
छपारा	84	72	74	53	84	91	21
ळखनादौन	79	80	89	63	84	73	31
धनौरा	67	86	71	55	82	53	54

4 से 5 माह

ब्लाक	सिर्फ स्तनपान	उम्र के अनुसार टीकाकरण
घंसोर	65	78
सिवनी	78	90
केवलारी	92	81
कुरई	79	98
छपारा	73	98
ळखनादौन	65	81
धनौरा	46	90

6 से 8 माह

ब्लाक	ऊपरी आहार की शुरूआत	अन्न प्राशन	मात्रा गुणवत्ता बारम्बारता	तेल का प्रयोग	आ.बा. का. गृहभेट	ए.एन. एम. गृहभेट
घंसोर	92	68	48	42	66	23
सिवनी	96	58	51	43	69	27
केवलारी	94	69	52	47	48	23
कुरई	93	57	47	43	57	20
छपारा	82	93	53	52	87	12
ळखनादौन	86	68	54	50	64	22
धनौरा	91	69	57	49	62	48

9 से 15 माह

ब्लाक	विधि प्रदर्शन	मात्रा गुणवत्ता बारम्बारता	तेल	खसरा	विटामिन 'ए'	मेवेन्डाझोल	छोटी आयरन	आ.बा. का. गृहभेट	ए.एन. एम. गृहभेट
घंसोर	27	45	50	96	88	52	50	71	47
सिवनी	90	57	66	92	84	75	75	49	15
केवलारी	35	65	56	100	100	66	72	44	22
कुरई	51	67	56	98	98	24	39	47	22
छपारा	71	84	46	85	85	35	35	87	6
ळखनादौन	39	54	67	79	80	60	56	63	45
धनौरा	66	60	57	77	77	91	96	64	48

परिणाम आधारित कार्ययोजना

स्तर	महिला एवं बाल विकास विभाग	स्वास्थ्य विभाग	पंचायत
ग्राम स्तर	• आगनवाडी कार्यकर्ता के द्वारा सारे हितग्राहियो का पंजीयन एक रजिस्टर मे पंजीयन और नवीनीकरण सुनिश्चित करना। • यहा निश्चित करे की आ.बा. कार्यकर्ता,आशा काय्रकर्ता,मा.सह. समिति,संयुक्त गृहभेंट कर प्रसव पूर्व शिशु के जन्म के तुरंत बादएवं दो साल तक(कुपोषण एवं शिशु मृत्यु दर रोकने हेतु) • एन.एच.डी. का दिन निर्धारित हो और वह नियमित रूप से आयोजित हो। • वार्षिक कलेंडर के अनुसार नियमित नवाचारो का आयोजन केन्द्र पर करना। • विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार करना(लाडली लक्ष्मी योजना) • कुपोषण के स्तर को जानने हेतु नियमित वजन सुनिश्चित करना तथा फालोअप करना। • गॉव के सभी बच्चो एवं माताओं को सेवा प्रदान करना। *नहीं हो सका* • टीकाकरण से छुटे/छोडे गए बच्चो की सूची तैयार कर मॉग पत्र तैयार करना।	• हितग्राहियो की तीन स्वास्थ्य जॉच सुनिश्चित करना। • विभाग द्वारा संचालित परिवार नियोजन कार्यक्रम,संस्थगत प्रसव आदि का प्रचार प्रसार करना • स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर हितग्राहियो को स्वास्थ्य शिक्षा अवश्य देना। • स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर आशा कार्यकताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करना। *नहीं हो सका* • पर्यावेक्षक कार्यकर्ता एवं ए.एन.एम. के साथ जाकर गृहभेंट को प्रभावी बनाए।	• म.मं.एवं वार्ड पंचो को कुपोषित बच्चो की निगरानी एवं जिम्मेदारी • मासिक बैठको में आ.बा.कार्यकर्ता आशा एवं ए.एन.एम. की उपस्थिति में कुपोषण एवं शिशु मृत्यु की समिक्षा। • ग्राम स्तर पर पोषण एव स्वास्थ्य से संबंधित सभी गतिविधियो में पंचायतो की भागीदारी को सुनिश्चित करना। • स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस की निगरानी करना। • स्वास्थ्य समिति में पोषण एवं स्वास्थ्य के मुददो पर चर्चा एवं स्थिति का आकलन। *नहीं हो सका* • स्वास्थ्य अभिभावको को प्रोत्सहन तथा कुपोषित बच्चो के अभिभावक को सहयोग एवं मार्गदर्शन। • ग्राम सभा मे आ.बा. कार्यकर्ता एवं ए. एन.एम. की उपस्थिति में पोषण एव स्वास्थ्य की स्थिति की समिक्षा ।

स्तर	महिला एवं बाल विकास विभाग	स्वास्थ्य विभाग	पंचायत
सेक्टर स्तर	• मासिक संयुक्त बैठक निश्चित दिन पर हो संयुक्त ब।इको मे तकनीकी सत्रो का आयोजन करना। • प्रत्येक केंन्द्र पर टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु मॉग पत्र तैयार करना एवं संयुक्त बैठक में ए.एन.एम. को प्रस्तुत करना। • ऑगनवाडी केंन्द्र भ्रमण के आधार पर वयवहार परिवर्तन की समिक्षा करना । • गुणात्मक गृहीींअ सुनिश्चित करना तथा इस हेतु कार्यकर्ता को गृहभेंअ डायरी प्रदान करना एवं उन केंन्द्रो की पहचान करना जहॉ गृहभेंट गुणात्मक रूप से नही की जा रही है। • आ.बा. कार्यकर्ता की क्षमता वृध्दि आशा मातृ सहयोगनी समिति की क्षमता वृध्दि कमजोर सेक्टर में। • सेक्टर मिटिंग निर्धारित एजेंडा पर हो कुपोषण ण्वं शिशु मृत्यु ,टीकाकरण कार्यो की केंन्द्रवार विस्तृत समिक्षा • सेक्टर स्तरिय जानकारी प्रपत्र का उपयोग काते हुए पेत्येक केंन्द्र की सेवाओं/योजनाओं से संबंधित आंकडो की विस्तृत जानकारी पर कमजोर आ.बा. की पहचान तथा आगामी माह में उन केंन्द्रो पर भ्रमण सुनिश्चित करना । • चिन्हित पहुच विहिन केंन्द्रो पर निर्धारित कर्ययोजना के अनुसार पो.एवं स्वा. विषय पर कैंम्प आयोजित करना।	• संयुक्त सेक्टर बैठको मे टीकाकरण की समिक्षा तथा आगामी माह हेतु मॉग पत्र प्राप्त करना। • तकनीकी सत्रो के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना • स्वा. एवं पो. दिवस की समिक्षा • केंन्द्र स्तर पर टीकाकरण कार्ड,वैक्सीन,विटा.ए.,एवं आई.एफ.ए.की गोली,एवं स्वास्थ्य जॉच हेतु लगने वाले उपकरणो की व्यवस्था की कमी वाले केंन्द्रो को चिन्हित करना।	किसी तरह के प्रयास इस स्तर पर संभव नहीं हो सके।